**इंडिया एक्ज़िम बैंक**
**India Exim Bank**

**प्रबंधन प्रशिक्षु-बैंकिंग परिचालन की भर्ती हेतु ऑनलाइन परीक्षा**

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वर्णनात्मक प्रकार की प्रश्नावली होंगी :

| अनु.क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| भाग I | व्यावसायिक ज्ञान - व्यक्तिपरक | *वित्तीय विवरण प्रश्न* 1 (*अनिवार्य प्रश्न*) | 40 | द्विभाषी अर्थात हिन्दी और अंग्रेजी | 02:30 घंटे |
| भाग II | | (8 *में से कोई* 6 *प्रश्न हल करें*) | 60 | | |
| | कुल | | 100 | | 02:30 घंटे |

परीक्षा के लिए समय 150 मिनट है; तथापि लॉग इन, प्रवेश पत्र जमा करने, निर्देश पढ़ने आदि के समय को मिलाकर आपको परीक्षा स्थल में लगभग 210 मिनट तक उपस्थित रहना पड सकता है। प्रश्नावली के लिए संयुक्त अवधि आबंटित है; दिए गए 150 मिनट के भीतर आप किसी भी समय किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं । प्रश्न कंप्यूटर मॉनिटर पर प्रदर्शित किए जाएंगे। एक समय में केवल एक प्रश्न प्रदर्शित किया जाएगा। प्रश्न अंग्रेजी या हिंदी में होंगे और उत्तर की-बोर्ड की सहायता से उसी के लिए प्रदान किए गए स्थान में अंग्रेजी में टाइप किए जाने हैं।

**प्रश्न कंप्यूटर के स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे । प्रश्नों के उत्तर कुंजी पटल का प्रयोग करके टंकित करना है । प्रश्नों का उत्तर टंकित करना शुरू करने से पहले कृपया कुंजी पटल की सभी कुंजियों के कार्य की जांच कर लें । कुंजी पटल कार्य की जांच करने के लिए आपको परीक्षापूर्व 10 मिनट का समय मिलेगा । इस समय के दौरान कंम्प्युटर मॉनिटर पर कुछ वाक्य प्रदर्शित किए जाएंगे वह आपको कुंजी पटल का उपयोग करके टंकित करने है । इस दौरान अगर कोई भी समस्या आए, तो तुरंन्त परीक्षा अधिकारी को सूचित किजिए । प्रश्न का उत्तर देने के लिये आपको 150 मिनट मिलेंगे ।**

**कृपया ध्यान दें: "लिखते समय यदि आप 'स्पेस बार' दबाते हैं और फिर 'एंटर' कुंजी दबाते हैं, तो कर्सर अगली पंक्ति में नहीं जाएगा। हालाँकि, यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'Enter' कुंजी दबाते हैं, तो कर्सर अगली पंक्ति में चला जाएगा। आपको यह भी ध्यान देना चाहिए कि 'स्पेस बार'/'एंटर' कुंजी को एक ही उदाहरण में कई बार दबाया जाता है, तो सिस्टम द्वारा केवल एक ही कीस्ट्रोक (यानी एक स्थान और एक अगली पंक्ति में प्रवेश) लिया जाएगा।**

**इस परीक्षा के प्रश्न इंडिया एक्जिम बैंक ने वेबसाईट पे प्रदर्शित किए पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे ।**

**ऑनलाइन परीक्षा पैटर्न का विवरण:**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी।

(2) उम्मीदवार अंग्रेजी/हिंदी में उत्तर लिख सकते है । सभी प्रश्न हिन्दी व अंग्रेजी में उपलब्ध कराई जाएंगी।

